मुख्यमंत्री ने 'अत्रि' परिसर का किया शिलान्यास

आईआईएसईआर 52 एकड़ में बनेगा नया परिसर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) भोपाल के विस्तारित परिसर 'अत्रि' का शिलान्यास किया। 52 एकड़ में विकसित होने वाले इस नए परिसर पर 485 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मुख्यमंत्री ने परिसर के लिए चिन्हित भूमि पर शिलापट्ट का अनावरण कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने परिसर में बरगद और पीपल के पौधे भी लगाए।



डॉ. यादव ने शनिवार को भौरी में आईआईएसईआर के एडवांस्ड टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च इनोवेशन (अत्रि) के प्रस्तावित विस्तारित परिसर में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण किया।

अनुसंधान और नवाचार को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में अनुसंधान और नवाचार को लगातार प्रोत्साहन दिया जा रहा है। मध्य प्रदेश सरकार भी विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अधिकतम उपयोग के साथ शोध कार्यों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि नए परिसर में आधुनिक प्रयोगशालाओं और नवाचार पार्क के माध्यम से अनुसंधान, शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा। विस्तारित परिसर में क्वांटम एवं उन्नत सामग्री, ड्रोन प्रौद्योगिकी, टिकाऊ प्रणाली एवं प्रौद्योगिकी, चिकित्सा उपकरण एवं निदान तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं रोबोटिक्स जैसे पांच तकनीकी क्षेत्रों में कार्य किया जाएगा। इन क्षेत्रों में नई तकनीकों के विकास के साथ उनके व्यावहारिक उपयोग पर भी अनुसंधान किया जाएगा।

स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण

मुख्यमंत्री ने आईआईएसईआर के मुख्य परिसर में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण कर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों और अनुसंधान गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

संस्थान की विकास यात्रा में नया अध्याय

नीति आयोग के सदस्य गोवर्धन दास ने कहा कि विस्तारित परिसर का शिलान्यास और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण संस्थान की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण अवसर है। प्रभारी निदेशक रघुवीर सिंह तोमर ने बताया कि वर्ष 2008 में स्थापित आईआईएसईआर भोपाल ने शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में पहचान बनाई है। नए परिसर से विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को उभरती प्रौद्योगिकियों पर कार्य करने के अवसर मिलेंगे।

हेमंत खंडेलवाल आज मैहर, सतना और रीवा के दौरे पर

नप्र, भोपाल : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल 4 अक्टूबर को मैहर, सतना और रीवा जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न सेवा कार्यों में शामिल होने के साथ संगठनात्मक बैठकों को संबोधित करेंगे और प्रबुद्धजनों व व्यापारियों से संवाद करेंगे। मैहर में सुबह 7 बजे बड़ा अखाड़ा स्थित श्री रामसखेन्द्र गौशाला में स्वच्छता कार्यक्रम और गोसेवा में शामिल होंगे। इसके बाद रविदास आश्रम में पौधारोपण और मां शारदा माता मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। मां शारदा देवी वृद्धाश्रम में वृद्धजन सेवा एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में भी शामिल होंगे। इसके बाद जिला कार्यसमिति और कोर समिति की बैठकों में भाग लेंगे। सतना में सेवा सेतु अभियान, जरूरतमंद विद्यार्थियों को सामग्री वितरण, पौधारोपण और संगठनात्मक बैठकों में शामिल होंगे। शाम को नमो सेवा एवं प्रबुद्धजन-व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। रात्रि में रीवा पहुंचकर जय स्तंभ चौक से शिल्पी प्लाजा तक आयोजित रोड शो में शामिल होंगे।

6 हजार व्यावसायिक शिक्षकों के पक्ष में सरकार का फैसला 13 कंपनियों का अनुबंध खत्म

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश के स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा से जुड़े आउटसोर्स व्यावसायिक शिक्षकों को नई कंपनियां सेवा से नहीं हटा सकेंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर स्पष्ट किया है कि अलग-अलग ट्रेड में काम कर रहीं 13 कंपनियों का अनुबंध खत्म कर नई कंपनियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, लेकिन नई कंपनियों को पहले से कार्यरत कर्मचारियों को सेवा में रखना होगा। प्रदेश में ऐसे करीब 6 हजार शिक्षक हैं।

समग्र शिक्षा की ओर से 13 कंपनियों का अनुबंध खत्म करते हुए व्यावसायिक प्रशिक्षकों को यथावत काम करते रहने के निर्देश दिए गए हैं। व्यावसायिक शिक्षा में 50 से अधिक कंपनियां काम करती हैं। इन कंपनियों पर प्रशिक्षकों को परेशान करने और पैसे लेकर ज्वाइनिंग व नियुक्ति देने के आरोप लगते रहे हैं। इसके विरोध में दो महीने पहले व्यावसायिक शिक्षकों ने भोपाल में दो दिवसीय आंदोलन किया था। पहले दिन अंबेडकर पार्क में धरना और दूसरे दिन डीपीआई का घेराव किया गया था। इसके बाद आयुक्त से चर्चा हुई थी। लोक शिक्षण संचालनालय के अनुसार एग्रीकल्चर ट्रेड की आकाश एग्री सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, वालेअर फैबटेक्स प्राइवेट लिमिटेड, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर ट्रेड की एसेंसिव एडुकेयर लिमिटेड, टाइम्स सेंटर फॉर लर्निंग लिमिटेड, अल्टीमेट एनर्जी, अपैरल ट्रेड की ब्राइट फ्यूचर डॉट कॉम स्किल प्राइवेट लिमिटेड, हेल्थकेयर ट्रेड की डीसीआई मल्टी स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड समेत 13 कंपनियों के अनुबंध खत्म किए गए हैं। वहीं, नवीन व्यावसायिक शिक्षक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश परमार ने लंबित वेतन भुगतान को लेकर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि जिन वीटीपी का अनुबंध निरस्त हुआ है, उनके लंबित वेतन का भुगतान कौन करेगा।

कचरा डंपिंग और लिगेसी वेस्ट पर एनजीटी सख्त

- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश
- चार सप्ताह में मांगी एक्शन टेकन रिपोर्ट

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने भोपाल शहर और मध्य प्रदेश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 एवं 2026 के उल्लंघन, अवैध कचरा डंपिंग और लिगेसी वेस्ट के अनवैज्ञानिक निस्तारण के मामले में सख्त रुख अपनाया है। न्यायमूर्ति श्यो कुमार सिंह और विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी की पीठ ने नगर निगम भोपाल, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य सरकार को निर्देश जारी करते हुए चार सप्ताह में एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 9 दिसंबर को होगी।

पर्यावरण मित्र नितिन सक्सेना की याचिका पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि नगर निगम द्वारा संरक्षित हरित पट्टियों और कलियासोत डैम के कैचमेंट व ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में नियम विरुद्ध कचरा डंप किया जा रहा है और कचरा जलाया जा रहा है। इससे वायु प्रदूषण बढ़ने और पारिस्थितिक संतुलन प्रभावित होने की बात कही गई। याचिका में आदमपुर खंती में कचरा डंपिंग का मामला भी उठाया गया। इसमें कहा गया कि लैंडफिल साइटों पर कचरा फेंकना नियमों का उल्लंघन है और अनवैज्ञानिक डंपिंग से जन-स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है।

नगर निगम ने शपथ पत्र में बताया कि भानपुर खंती का बायो-रेमेडिएशन, साइंटिफिक क्लोजर और 21.03 एकड़ भूमि का पुनरुद्धार 52.38 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जा चुका है। आदमपुर में लिगेसी वेस्ट निस्तारण के कार्यादेश निर्धारित समय में काम नहीं करने पर रद्द कर पेनाल्टी लगाई गई। लिगेसी वेस्ट निस्तारण के लिए नई निविदा प्रक्रिया शुरू की गई है।

कुर्सी पर बैठने को लेकर विवाद, ऑटो चालक ने युवक पर चाकू से किया हमला

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शाहपुरा क्षेत्र में चाय-नाश्ते की दुकान पर कुर्सी पर बैठने को लेकर विवाद हो गया। गाली देने से मना करने पर ऑटो चालक ने युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। हमले में युवक के सिर और दाहिने हाथ की हथेली पर चोट आई है। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। घटना गुरुवार की है, जिसका वीडियो शनिवार को सामने आया।पुलिस के मुताबिक, शाहपुरा सी सेक्टर निवासी रामराज सिंह (38) रैपिडो चलाते हैं। उन्होंने बताया कि 1 अक्टूबर की रात करीब 10:45 बजे वह बंसल अस्पताल के सामने स्थित सावेरिया चाय-नाश्ते की दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान ऑटो चालक नसीम खान वहां पहुंचा और कुर्सी पर बैठने को लेकर उनसे विवाद करने लगा। आरोप है कि इस दौरान उसने गाली-गलौज भी की। रामराज ने जब गाली देने से मना किया तो आरोपी ने हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद उसने कमर में रखा चाकू निकालकर रामराज के सिर और दाहिने हाथ की हथेली पर वार कर दिया। दोनों जगह चोट लगने से खून निकलने लगा। शोर सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को अलग किया। रामराज के मुताबिक, जाते समय नसीम ने दोबारा विवाद होने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

दर्द के इलाज में सुरक्षित विकल्पों पर जोर



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः एम्स भोपाल में इंडियन सोसाइटी ऑफ पेन फिजिशियन्स का 12वां राष्ट्रीय एवं चौथा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आईएसपीपीकॉन 2026 शुक्रवार से शुरू हुआ। तीन दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश के 100 से अधिक विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन सचिव डॉ. अनुज जैन ने बताया कि भारत में दर्द के इलाज के सामने पर्याप्त उपचार न मिलने के साथ ओपिओइड दवाओं के अत्यधिक उपयोग का खतरा भी है। ऐसे में मिनिमली इनवेसिव पेन एंड स्पाइन इंटरवेंशन्स (एमआईपीएसआई) सुरक्षित विकल्प के रूप में महत्वपूर्ण हैं।

एम्स भोपाल की पेन मेडिसिन यूनिट नौ वर्षों में हजारों मरीजों का उपचार कर चुकी है। अल्ट्रासाउंड या एक्स-रे की रियल टाइम निगरानी में की जाने वाली इन डे-केयर प्रक्रियाओं से दर्द के स्रोत का सटीक उपचार किया जाता है और कई मामलों में सर्जरी से बचाव संभव होता है।

सम्मेलन के पहले दिन 200 से अधिक युवा पेन फिजिशियन्स के लिए उन्नत इंटरवेंशनल तकनीकों की हैंड्स-ऑन कार्यशालाएं आयोजित की गईं। सम्मेलन को राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग से मान्यता प्राप्त है और इसमें 8 सीएमई क्रेडिट घंटे मिल रहे हैं।

31 जनवरी तक पूरा करना होगा कक्षा 1 से 8वीं तक का पाठ्यक्रम

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 8वीं तक के विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम इस शैक्षणिक सत्र में 31 जनवरी तक पूरा कराया जाएगा। राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल ने एक फरवरी से शुरू होने वाले जनगणना के दूसरे चरण को देखते हुए सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला परियोजना समन्वयकों को निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार जनगणना के राष्ट्रीय महत्व के कार्य में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। ऐसे में विद्यार्थियों की पढ़ाई और परीक्षा की तैयारी प्रभावित न हो, इसलिए एक फरवरी से पहले पाठ्यक्रम पूरा कराने को प्राथमिकता देने के लिए कहा गया है। राज्य शिक्षा केंद्र ने शिक्षा सत्र 2026-27 के तहत जिलों के विद्यालयों में बकाया पाठ्यक्रम को चार माह में पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। शैक्षणिक कैलेंडर में विषय-वस्तु का विभाजन नौ माह में और दसवें माह में वार्षिक मूल्यांकन के रूप में किया गया है। निर्देशों में कहा गया है कि आवश्यकता के अनुसार विद्यालय की समय-सारणी में बदलाव किया जा सकता है।

कमला पार्क घाट पर जुटीं हजारों महिलाएं संतान की दीर्घायु के लिए रखा जितिया व्रत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भोजपुरी समाज की महिलाएं संतान की सुख-समृद्धि, स्वस्थ जीवन और दीर्घायु की कामना के लिए तीन दिवसीय जितिया (जीवित्पुत्रिका) व्रत कर रही हैं। व्रत की शुरुआत नहाय-खाय से हुई। शनिवार तड़के करीब 3 बजे दही-चूड़ा ग्रहण करने के बाद महिलाओं ने 24 घंटे का निर्जला व्रत शुरू किया। शाम 5 बजे शीतलदास की बगिया, कमला पार्क घाट पर राजा जिमूतवाहन की पूजा-अर्चना की गई।



कमला पार्क घाट पर पूजा

भोजपुरी एकता मंच के तत्वावधान में शाम 5 बजे व्रतधारी महिलाएं शीतलदास की बगिया, कमला पार्क घाट पहुंचेंगी। स्नान के बाद राजा जिमूतवाहन की पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद जितिया व्रत की पारंपरिक चील-सियारिन सहित अन्य कथाओं का श्रवण होगा। आयोजन के दौरान समिति की ओर से व्रतधारी महिलाओं को जीवित्पुत्रिका व्रत कथा की पुस्तिका वितरित की जाएगी। समिति की ओर से पुष्पवर्षा भी की जाएगी। आयोजन में भोजपुरी समाज की हजारों महिलाओं के शामिल होने की संभावना है। 24 घंटे के निर्जला व्रत के बाद रविवार, 4 अक्टूबर को महिलाएं पारण करेंगी। इसके साथ तीन दिवसीय जितिया व्रत का समापन होगा।

नहाय-खाय से हुई शुरुआत

भोजपुरी एकता मंच के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद ने बताया कि व्रत की शुरुआत नहाय-खाय के साथ हुई। व्रतधारी महिलाओं ने स्नान के बाद सात्विक भोजन तैयार किया। पूजा-अर्चना के बाद पारंपरिक भोजन को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। इसमें नोनी का साग, मडुआ (रागी) के आटे की रोटी और तरोई की सब्जी शामिल रही।

24 घंटे का निर्जला व्रत

शनिवार तड़के करीब 3 बजे दही-चूड़ा ग्रहण करने के बाद महिलाओं ने अन्न और जल का त्याग कर 24 घंटे का निर्जला व्रत शुरू किया। इस दौरान महिलाएं संतान की सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना करेंगी।

सप्रे संग्रहालय में अलंकरण समारोह संपन्न, पत्रकारिता और लेखन से जुड़ी विभूतियां सम्मानित

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः ज्ञानतीर्थ सप्रे संग्रहालय में शनिवार, 3 अक्टूबर को अलंकरण एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओमप्रकाश रावत और अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु अनुपम राजन ने की। पूर्व सांसद एवं मध्य प्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के कार्याध्यक्ष रघुनंदन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

समारोह में पत्रकारिता एवं लेखन के क्षेत्र में सक्रिय विभूतियों को सम्मानित किया गया। हरिकृष्ण दत्त शिक्षा सम्मान प्रोफेसर प्रमोद कुमार, अशोक मनोरिया आंचलिक पत्रकारिता पुरस्कार गोविंद सक्सेना और लक्ष्मीनारायण गुप्त पुरस्कार परितोष वर्मा को प्रदान किया गया। ओमप्रकाश रावत ने कहा कि सप्रे संग्रहालय ने विश्व में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने संग्रहालय के संरक्षण और संवर्धन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की तकनीक का उपयोग करने का सुझाव दिया। अनुपम राजन ने कहा कि धरोहर को संभालने में संग्रहालय की महत्वपूर्ण भूमिका है और शोध कार्यों के लिए संस्था को सहयोग दिया जाएगा।

रघुनंदन शर्मा ने कहा कि सम्मान और पुरस्कार प्रोत्साहन के साथ श्रेष्ठ कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। सम्मानित प्रोफेसर प्रमोद कुमार ने कहा कि पुरस्कार के लिए चयनित होना उनके लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में मीडिया शिक्षा के तरीकों में बदलाव की आवश्यकता है। संग्रहालय की उपाध्यक्ष डॉ. अल्पना त्रिवेदी ने बताया कि यहां करीब पांच करोड़ पृष्ठों से अधिक संदर्भ सामग्री और लाखों किताबें संकलित हैं। अब तक 1200 से अधिक शोधार्थी शोध कार्य पूरा कर चुके हैं।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में तपोनिष्ठ पं. सुंदरलाल श्रीधर स्मृति राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

एलएनसीटी में छात्र से मारपीट के मामले में सोमवार को ज्ञापन सौंपेगा कांग्रेस संगठन


- प्रबंधन और अस्पताल पर कार्रवाई व एफआईआर की मांग
- छात्र के साथ मारपीट के आरोप

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः एलएनसीटी कॉलेज में छात्र उदयवीर सिंह के साथ मारपीट के मामले में सोमवार को डीआईजी देहात और भोपाल कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की जाएगी। कोलार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ ने आरोप लगाया कि कॉलेज के वरिष्ठ छात्रों ने उदयवीर के साथ मारपीट की और कॉलेज प्रबंधन ने मामले को दबाने का प्रयास किया।

राठौड़ के अनुसार, छात्र को चोट लगने के बाद पटेल नगर स्थित लक्ष्मी अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना की जानकारी संबंधित थाने को नहीं दी गई। छात्र के पिता को घटना की जानकारी मिलने के बाद वे कोलार थाने पहुंचे। इसके बाद बिलखिरिया थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने छात्र की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस कॉलेज परिसर के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और घटना में शामिल अन्य छात्रों की भूमिका की जांच कर रही है। मामले का रैगिंग से संबंध है या नहीं, इसकी भी जांच की जा रही है। राठौड़ ने कहा कि छात्र के पिता ने एलएनसीटी प्रबंधन और अशोक राय के खिलाफ भी शिकायत दी है। उन्होंने प्रबंधन और अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई तथा प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। छात्र की ओर से राष्ट्रीय एंटी रैगिंग हेल्पलाइन पर भी शिकायत किए जाने की बात कही गई है। सोमवार को ज्ञापन सौंपने के साथ कार्रवाई की मांग की जाएगी।

बड़े तालाब में पानी पर दिखी तेल की परत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बड़े तालाब के तर्पण घाट, फतेहगढ़ में शनिवार सुबह से दोपहर तक पानी की सतह पर तेल की परत दिखाई दी। सुबह तर्पण करने पहुंचे लोगों ने गौरीशंकर मंदिर घाट की सीढ़ियों पर तर्पण किया।



पानी पर तेल की परत दिखाई देने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

महालक्ष्मी पूजन की तिथि होने के कारण बड़ी संख्या में महिलाएं भी स्नान के लिए घाट पर पहुंचीं। पानी पर तेल की परत देखकर अधिकांश महिलाएं वापस लौट गईं। दोपहर बाद पहुंचीं कुछ महिलाओं ने लहरों की मदद से तेल की परत को किनारे की ओर हटाकर मजबूरी में स्नान किया।

कार्यक्रम वन्यजीव सप्ताह में प्रकृति भ्रमण, युवा संसद और वन्यजीव संरक्षण प्रतियोगिताओं का आयोजन

वन विहार की आवाजें कार्यक्रम में 81 दिव्यांग विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः वन्यजीव सप्ताह-2026 के तहत शनिवार को वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए सुबह 8 से 9:30 बजे तक वन विहार की आवाजें कार्यक्रम हुआ। इसमें 81 दिव्यांग विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सहभागिता की।



विषय विशेषज्ञ सुनील सिन्हा, डॉ. संगीता राजगीर, मो. खालिक और संकल्प किसनानी ने विद्यार्थियों को प्रकृति भ्रमण कराया। इस दौरान उन्हें वन क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता, पेड़-पौधों, पक्षियों और वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को पक्षियों की आवाजों, प्राकृतिक ध्वनियों और जैव विविधतापूर्ण वातावरण से परिचित कराया गया। साथ ही वन्यजीवों के प्रति संवेदनशील व्यवहार और वन क्षेत्रों को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने की जानकारी दी गई।

सुबह 10:30 से दोपहर 1:30 बजे तक जुड़े आवास, वन्यजीवन का विकास विषय पर युवा संसद आयोजित हुई। इसमें 90 प्रतिभागियों को छह समूहों में बांटा गया। विद्यार्थियों ने वन्यजीव संरक्षण, प्राकृतिक आवास और जैव विविधता से जुड़े विषयों पर विचार व्यक्त किए।

सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक स्टैंड फॉर वाइल्ड लाइफ प्रतियोगिता हुई। इसमें 150 से अधिक वन्यजीव प्रेमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में वन विभाग और विश्व प्रकृति निधि भारत के अधिकारी उपस्थित रहे। वन्यजीव सप्ताह के तीसरे दिन 243 आगंतुकों ने वन्यजीव पासपोर्ट गतिविधि के लिए पंजीकरण कराया। इनमें 16 को वन्यजीव संरक्षण राजदूत और 17 को वन्यजीव चैंपियन के रूप में मान्यता दी गई। रविवार को फैमिली वाइल्डलाइफ डे, मेहंदी और पाम पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

भारत भवन में आज होगा लाइव पोर्ट्रेट पेंटिंग प्रदर्शन

भारत भवन, राजधानी में प्रख्यात कलागुरु लक्ष्मीनारायण भावसार की स्मृति को समर्पित समकालीन कलाकारों की कृतियों की प्रदर्शनी के अंतर्गत रविवार, 4 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे लाइव पोर्ट्रेट पेंटिंग डेमोंस्ट्रेशन आयोजित किया जाएगा। इस विशेष कला प्रदर्शन में चित्रकार एवं प्रो. आलोक भावसार, विभागाध्यक्ष, फाइन आर्ट्स, प्राइम मिनिस्टर कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय हमीदिया महाविद्यालय, भोपाल, दर्शकों के सामने प्रत्यक्ष रूप से पोर्ट्रेट पेंटिंग का निर्माण करेंगे। इस दौरान दर्शक चेहरे की संरचना, भाव-भंगिमाओं, रंग संयोजन, प्रकाश-छाया और चित्रांकन की तकनीक को सजीव रूप में देख सकेंगे। लाइव प्रदर्शन कला विद्यार्थियों, नवोदित चित्रकारों और कला प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। विद्यार्थियों को अनुभवी चित्रकार की कार्यप्रक्रिया को करीब से देखने और पोर्ट्रेट निर्माण की बारीकियां समझने का अवसर मिलेगा। वहीं, दर्शक चित्र के क्रमिक विकास और कलाकार की सृजनात्मक दृष्टि का प्रत्यक्ष अनुभव कर सकेंगे। भारत भवन में आयोजित प्रदर्शनी में समकालीन कलाकारों की कृतियां प्रदर्शित की जा रही हैं।

नौरादेही बनेगा मप्र में चीतों का तीसरा ठिकाना

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश में चीतों के तीसरे ठिकाने की शुरुआत 7 अक्टूबर को वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व (नौरादेही) में होगी। कूनो नेशनल पार्क से दो चीतों को नौरादेही लाकर छोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दोनों चीतों को रिलीज करेंगे। कूनो से नर थोलो और मादा सीसीबी-3 को नौरादेही लाया जाएगा। सीसीबी-3 गांधी सागर में छोड़ी गई राधा की बहन है।

चीता स्टीयरिंग कमेटी ने वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चार चीतों को बसाने की मंजूरी दी है। शुरुआत दो चीतों से होगी। कूनो और गांधी सागर के बाद नौरादेही प्रदेश में चीतों का तीसरा ठिकाना बनेगा।

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व 2,340 वर्ग किलोमीटर में फैला प्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है। यहां खुले जंगल और लंबे घास के मैदान हैं। चीतों को पहले 439 हेक्टेयर के सॉफ्ट रिलीज बोमा में रखा जाएगा। यहां पावर फेंसिंग और 24 घंटे निगरानी की व्यवस्था है।

कूनो में 51, गांधी सागर में चार चीतेः वर्तमान में कूनो नेशनल पार्क में 51 और गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में चार चीते हैं। नौरादेही में दो चीतों की पहली रिलीज के बाद प्रदेश में चीतों के तीन ठिकाने हो जाएंगे। नौरादेही में चिंकारा, चीतल और काले हिरण की पर्याप्त संख्या है। यहां खुले घास के मैदान चीतों के प्राकृतिक आवास के लिए उपयुक्त बताए गए हैं।